भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 725

दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

तेलंगाना में महिला सशक्तीकरण योजनाएं

725. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में गत तीन वर्षों के दौरान आंगनवाड़ी सेवाओं, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), किशोरियों के लिए योजना (एसएजी), एकीकृत बाल संरक्षण योजना, महिला शक्ति केंद्र, स्वाधार गृह, उज्ज्वला, कामकाजी महिला छात्रावास, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन के लिए आवंटित धनराशि का योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या इस संबंध में राज्य का कोई प्रस्ताव केंद्र के पास लंबित है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री

(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) : प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित नहीं की गई है। महिला शक्ति केंद्र योजना 01.04.2022 से बंद कर दी गई है। तेलंगाना को पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का योजना-वार ब्यौरा संलग्न है।

(ख) : शून्य ।

*****

अनुलग्नक

मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना को पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों का ब्यौरा

(रुपये करोड़ में)

क्र. सं.	**मिशन**	**योजना**	**जारी की गई निधि**		
			वित्तीय वर्ष 2021-22	**वित्तीय वर्ष 2022-23**	**वित्तीय वर्ष 2023-24**
1.	मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0	आंगनवाड़ी सेवा योजना, पोषण अभियान और किशोरियों के लिए योजना	482.33	550.69	507.87
2.	मिशन वात्सल्य (पूर्ववर्ती एकीकृत बाल संरक्षण योजना)		38.51	28.25	39.98
3.	मिशन शक्ति - संबल	बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ	10.40	10.40	10.40
		वन स्टॉप सेंटर	9.46	13.93	12.17
		महिला हेल्प लाइन	0.83	0.74	0.00
4.	मिशन शक्ति - सामर्थ्य	शक्ति सदन (पूर्ववर्ती स्वाधार गृह और उज्ज्वला)	0.00	0.00	6.35
		सखी निवास (पूर्ववर्ती कामकाजी महिला छात्रावास)	0.00	0.00	0.00

*****